Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7384	03.05.2023	04.05.2023	Dhar Madhya Pradesh	www.patrika.com/Hindi https://www.patrika.com/dhar-news/food-poisoning-400-people-ill-after-eating-dal-bafla-laddu-in-wedding-8214979/
Title:	**400 people ill after eating dal bafla laddu in function in Dhar, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Dhar, SSU- Madhya Pradesh			

धार जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां एक शादी समारोह में खाना खाने के बाद सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब हो गई है। एक साथ करीब 400 लोगों के बीमार होने और उन्हें अस्पताल ले जाए जाने से अस्पताल मरीजों से भर गया और हर तरफ मरीज ही मरीज नजर आए। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के फूड पॉयजनिंग का शिकार होने से जिले के स्वास्थ्य महकमे में भी हड़कंप मच गया।

शादी में खाना खाना के बाद बिगड़ी तबीयत

जानकारी के मुताबिक धमाना गांव में रहने वाले कालूसिंह और डुंगर सिंह के घर पर शादी थी जिसमें 1500 के करीब लोगों ने खाना खाया था और खाना खाने के दो घंटे बाद ही एक एक कर लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। कुछ ही देर में फूड पॉयजनिंग के शिकार मरीजों की संख्या सैकड़ों और फिर करीब 400 तक पहुंच गई। बीमार लोगों को परिजन एंबुलेंस व अपने निजी वाहनों से बदनावर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हर तरफ मरीज ही मरीज नजर आए।

निजी अस्पताल वाले भी मदद को आए आगे

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बढ़ती हुई मरीजों की संख्या देखकर हॉस्पिटल प्रबंधन के हाथ-पैर फूल गए। प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया और सिविल अस्पताल में सभी अधिकारी आ गए और मरीजों की बढती हुई संख्या देखकर चिंतित हो गए। प्रशासनिक अमला ने तुरंत अपने सभी कर्मचारियों को अस्पताल में तैनात कर दिया तथा मरीजों की देख रेख में लगा दिया। निजी अस्पताल वाले भी सेवा देने पहुंचे। जिस व्यक्ति के यहां भोजन का आयोजन था वहां पर दाल ,बाफला ,रायता और लड्डू बनाए गए थे। संभावना है कि लडडू में मावे के कारण फूड पाईजनिंग हुआ है। जिन मरीजों की तबीयत ज्यादा खराब है उन मरीजों को रतलाम रैफर किया गया है। एसडीएम मेघा पंवार ने बताया कि सभी बीमार लोगों का ईलाज तत्काल शुरू कर दिया है। स्थिति नियंत्रण में है। फूड पाइजनिंग की जांच करवाई जाएगी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1